संचिका सं०–17/पेन–09/2025 – 581(17)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

रेणु कुमारी
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक – 03.06.25

विषय :– **डा० राकेश कुमार, सेवानिवृत प्राध्यापक, सर्जरी विभाग–सह–प्राचार्य, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय, भागलपुर के दिनांक–31.01.2025 को वार्द्धक्य सेवानिवृति होने के फलस्वरूप अनुमान्य पेंशन/उपादान की स्वीकृत्ति।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि डा० राकेश कुमार, सेवानिवृत प्राध्यापक, सर्जरी विभाग–सह–प्राचार्य, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय, भागलपुर के वार्द्धक्य सेवानिवृति की तिथि–31.01.2025 है। अतः दिनाक–01.02.2025 के प्रभाव से अनुमान्य पेंशन/उपादान की स्वीकृति इस शर्त्त के साथ प्रदान की जाती है कि लम्बित निरीक्षण/अंकेक्षण कंडिका के निष्पादन के क्रम में यदि इनके विरूद्ध कोई वसूली अथवा गबन/दुर्विनियोग का मामला प्रकाश में आता है तो उनसे नियमानुकूल वसूली की जायेगी तथा इनके विरूद्ध कार्रवाई भी की जा सकेगी।

2. यह आदेश इस शर्त्त के साथ दिया जा रहा है कि यदि **डा० कुमार** को अनुमान्य राशि से अधिक अथवा कम का भुगतान हुआ हो तो तद्नुसार उसकी वसूली/प्रतिपूर्ति की जायेगी।

3. इस पत्र के साथ अनुलग्नक :–

(i) पेंशन प्रपत्र – दो प्रतियों में निम्नांकित कागजातों के साथ संलग्न है –
  (क) पारिवारिक सदस्यों की सूची
  (ख) अभिप्रमाणित फोटो
  (ग) हस्ताक्षर का नमूना
  (घ) पेंशन/उपादान की गणना तालिका

(ii) महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, पटना द्वारा प्रदत्त कम्प्युटर, विवाह एवं विविध अग्रिम, भूमि क्रय/गृह निर्माण अग्रिम एवं मोटर वाहन/मोटर साईकल/मोटर वाहन मरम्मति अग्रिम संबंधी माग रहित प्रमाण–पत्र,

(iii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, भागलपुर द्वारा निर्गत आवासीय मॉग रहित प्रमाण–पत्र,

(iv) सेवा इतिहास,

(v) प्राचार्य कार्यालय द्वारा निर्गत बकाया रहित प्रमाण–पत्र

कृपया **डा० कुमार** का पेंशन/उपादान का प्राधिकार पत्र जॉचोपरान्त निर्गत करने की कृपा की जाय।

इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**अनुलग्नक :– यथोक्त।**

**विश्वासभाजन**

ह०/–

**(रेणु कुमारी)**
विशेष कार्य पदाधिकारी।

D/R /Pension letter

(04)

ज्ञापांक :–17 / पेन–09 / 2025 – 581 (17) / स्वा०, पटना, दिनांक– 03.06.25

**प्रतिलिपि** :– कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, भागलपुर / प्राचार्य, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि** :– डा० राकेश कुमार, सेवानिवृत प्राध्यापक, सर्जरी विभाग–सह–प्राचार्य, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय, भागलपुर, **पत्राचार का पता**–यश टावर, जवारीपुर, डाकघर–तिलकामांझी, थाना–तिलकामांझी, जिला–भागलपुर, पिन कोड–812001 को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** :– आई०टी० मैनेजर / प्रोग्रामर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

Kumar 03/06/2025

विशेष कार्य पदाधिकारी।

D/R /Pension letter